**The Speaker made an observation on the Conclusion of the First Part of Budget Session**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, आज बजट सत्र के प्रथम चरण का आखिरी दिन है । मुझे खुशी है कि इस सत्र के दौरान हमने अच्छे वातावरण में चर्चा की है । मुझे आपका पूरा सहयोग मिला है । महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 17 घंटे और 23 मिनट की सार्थक चर्चा हुई है । इसमें 173 माननीय सदस्यों ने देर रात्रि तक बैठकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया है ।

बजट पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट तक चली, जिसमें 170 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई । आप सबके सहयोग से इस सत्र में हमारी प्रोडक्टिविटी लगभग 112 प्रतिशत रही है । मुझे आशा है कि आगे भी आपका इसी तरीके से सहयोग मिलता रहेगा ।

सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>14.19 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Monday, March 10, 2025/ Phalguna 19, 1946 (Saka)*

________